## खास-खबरें

### मुख्यमंत्री ने अतिवर्षा से नागरिकों की सुरक्षा के दिए निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलेक्टर सिवनी को जिले में अतिवर्षा के स्थिति से उत्पन्न समस्याओं से नागरिकों की आवश्यक सुरक्षा और जरूरी राहत के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड में वैनगंगा नदी की बाढ़ में फँसे एक युवक को हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिए जाने पर संतोष व्यक्त किया। श्री चौहान को जानकारी दी गई कि एक टापू पर फँसे 4 अन्य लोगों को भी सुरक्षित निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकों के बचाव के लिए सेना के हेलीकॉप्टर के उपयोग के लिए प्रशासन द्वारा इसी तरह यथासमय पहल आवश्यक है। मुख्यमंत्री कलेक्टर सिवनी और रेस्क्यू ऑपरेशन में संलग्न अधिकारियों के सतत् संपर्क में हैं। प्रभावित क्षेत्र में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहकर आवश्यक दायित्व में संलग्न हैं।


### आंवला, करंज और बरगद के पौधे रोपे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बरगद, आंवला और करंज के पौधे रोपे। श्री चौहान के साथ श्रीमती कविता शिरोले तथा पराग श्रीवास्तव ने भी पौधे लगाए। मुख्यमंत्री को श्रीमती शिरोले ने अपना काव्य संग्रह कविता जागती है भी भेंट किया।

### स्वर्ण पदक विजेता दंडोतिया को बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हांगकांग में चल रही एशियन पेसिफिक पावर लिफ्टिंग एंड बेंच प्रेस चेंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर कुलदीप दंडोतिया को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश के चंबल के सपूत कुलदीप दंडोतिया ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह सफलता युवाओं में ऊर्जा का संचार कर उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी। श्री दंडोतिया आगे भी नए कीर्तिमान गढें, यही कामना है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट से श्री दंडोतिया को शुभकामनाएँ दी।

### बिजली की ट्रिपिंग में कमी नहीं आने पर होगी सख्त कार्यवाहीः तोमर



**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली की ट्रिपिंग कम करने के लिये हर संभव कदम उठाये जाये। ट्रिपिंग में कमी नहीं आने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में 33 एवं 11 के.व्ही. फीडरों पर विशेष ध्यान दें। श्री तोमर ने कहा कि जहाँ स्टॉफ की जरूरत हो, वहाँ आउटसोर्स करें। स्टॉफ की कमी का जैसा कोई भी बहाना मान्य नहीं होगा। स्टोर में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध रहनी चाहिये। ट्रांसफार्मर की मरम्मत और खराब सर्विस लाइन तुरंत बदलने की कार्यवाही की जाये। साथ ही कॉल-सेंटर की दक्षता बढ़ायें। शिकायत करने वाले उपभोक्ताओं से फीडबैक भी लें। घर में बँटवारा होने पर अलग-अलग बिजली कनेक्शन देने का प्रावधान बनाया जाये। श्री तोमर ने उप केन्द्रों एवं लाइनों के संधारण कार्य की भी समीक्षा की। बैठक में एमडी पावर मैनेजमेंट कम्पनी रघुराज राजेन्द्रन, एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी गणेश शंकर मिश्रा, एमडी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी अमित तोमर एवं पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एलजीडी स्टीयरिंग समिति गठित

**भोपाल।** ग्रामीण नगरीय और राजस्व इकाइयों की एलजीडी (लोकल गवर्मेंट डायरेक्टरी) को शत-प्रतिशत अद्यतन करने और निरंतर अद्यतन रखने के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एलजीडी स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास, राजस्व, डायरेक्टर जनगणना कार्य, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन को सदस्य और आयुक्त/संचालक मध्यप्रदेश पंचायत राज को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

### बरसात में शाकाहारी वन्य-प्राणी सफारी बंद रहेगी

**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान जू भोपाल के प्रबंधन ने वन्य-प्राणी संरक्षण और पर्यटकों की सुरक्षा की दृष्टि से वर्षा ऋतु में वन विहार के आंतरिक क्षेत्रों में संचालित शाकाहारी वन्य-प्राणी सफारी बंद रखे जाने का निर्णय लिया है। सफारी 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक की अवधि में बंद रहेगी।

### बिना सक्षम अनुमति के नामांतरण का मामला, 5 पटवारी निलंबित

**भोपाल।** जिला प्रशासन हरदा द्वारा जिले की तहसील हरदा और हंडिया के 8 ग्रामों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की जमीन का अवैध नामांतरण के मामले को संज्ञान में लेकर जाँच की जा रही है। जाँच में हरदा तहसील के गाँव सामरधा और हंडिया तहसील के गाँव धनगाँव, गडरपुरा सेठ, इडरवा, रेवापुर, नवरंगपुरा तथा जामली दमामी की 36.259 हेक्टेयर भूमि है। जाँच में पाया गया है कि अजा/जजा वर्ग की जमीन का बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अन्य जाति के व्यक्तियों के नाम नामांतरण दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, हरदा द्वारा जाँच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर 5 पटवारियों कपिल प्रधान, दीपक राजपूत, जयंत जगैत, हरिराम कुमरे और आशीष मालवीय को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इन गाँवों की संबंधित खसरा नंबरों की भूमियों के क्रय-विक्रय न करने के लिए जिला पंजीयक तथा उप पंजीयक को पत्र जारी किया गया है।

# बहिन बेटियों का मान-सम्मान कम नहीं होने दूंगाः चौहान

■ मुख्यमंत्री ने गंजबासौदा में लाड़ली बहनों से किया संवाद ■ उदयपुर मंदिर का भी कॉरीडोर बनाया जाएगा

भोपाल (काप्र)।



**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना को बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान बताते हुए वचन दिया है कि वे प्रदेश की बहन-बेटियों का मान-सम्मान और शान कभी भी कम नही होने देंगे।**

उन्होंने 21 वर्ष की बहनों के भी आवेदन शीघ्र भरवाए जाने और बासोदा के उदयपुर मंदिर का कॉरीडोर बनाने की घोषणा की। श्री चौहान बुधवार को गंजबासोदा में 150 बिस्तर के अस्पताल के भूमि-पूजन सहित 142 करोड़ 57 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद लाड़ली बहना सम्मेलन और मुख्यमंत्री भू-अधिकार पत्रों के वितरण कार्यक्रम में बहनों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बहनों से संवाद की शुरूआत गीत फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है से की। मुख्यमंत्री ने बहनों से कहा कि मैं जानता हूँ कि आपके साथ वर्षों तक न्याय नहीं हुआ है और मैं सगे भाई के रूप में मुख्यमंत्री बनते ही बहनों की जिंदगी बदलने में लग गया हूँ। उन्होंने दोहराया कि लाड़ली बहनों को एक हजार रुपए देने से योजना शुरू की है और जैसे-जैसे पैसों का इंतजाम होगा, मैं ढाई सौ रुपए के मान से राशि बढ़ा कर तीन हजार रुपए तक ले जाकर बहनों की जिंदगी बदलने के मिशन को पूरा करूँगा।

श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने आज ही अखबारों में खबर पढ़ी है कि एक पति ने अपनी पत्नी को बेटियाँ होने पर दुख दिया। यह भेद-भाव ठीक नहीं है। बेटे और बेटियों को समान नजर से देखने, एक समान व्यवहार के लिए ही लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री कन्यादान जैसी योजनाएँ बनाई हैं। मुख्यमंत्री ने सभी का आहवान किया कि वे बेटे-बेटियों में भेद नहीं करें। मुख्यमंत्री ने महिला और बच्चों की योजनाओं के क्रियान्वयन में लाड़ली बहना सेना की बहिनों का साथ मांगा और कहा कि लाड़ली सेना की देख-रेख में योजनाएँ बेहतर तरीके से लागू हो पाएंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाई और बहिनें एक हो जाएं तो जिंदगी बदल जायेगी। बहन-बेटियों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों की योजना बंद करने पर पूर्ववर्ती सरकार को भी आड़े हाथों लिया। मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों से कहा कि अब उनके तीरथ की व्यवस्था हवाई जहाज से की गई है। विदिशा जिले में सिंचाई, स्वास्थ्य, मार्ग आदि व्यवस्थाएँ उनकी ही सरकार में हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने किसान-कल्याण निधि के तहत राशि 4 हजार रूपए की जगह अब 6 हजार रुपए किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि से गरीब किसानों को अब साल में 12 हजार रुपए मिलेंगे। अब प्रत्येक परिवार को विभिन्न योजनाओं से काफी धनराशि प्राप्त होगी।

श्री चौहान ने भांजे-भांजियों से कहा कि वे खूब मन लगाकर पढ़ें, स्कूल में 12वीं में टॉप करने वाले भांजे और भांजी को स्कूटी इसी सत्र से दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियो को लेपटॉप के लिए 25 हजार रुपए की राशि जल्दी ही दिए जाने की घोषणा की। इससे पहले मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनों ने राखी, रेखाचित्र और साफा आदि भेंट किए। मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मियों और आवासहीनों को मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना के प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

सांसद रमाकांत भार्गव और विधायक श्रीमती लीना संजय जैन ने भी संबोधित किया। सागर सांसद राजबीर सिंह, विधायक उमाकांत भार्गव, हरिसिंह सप्रे और श्रीमती राजश्री सिंह सहित अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जल-संरक्षण और प्रबंधन में प्रदेश का प्रथम आना महत्वपूर्ण उपलब्धि

### मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2022 का प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक-चिन्ह भेंट

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में जल-संरक्षण और प्रबंधन में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है, यह बड़ी उपलब्धि है। मध्यप्रदेश कई क्षेत्रों में देश में प्रथम है, स्वच्छता में हम कुछ वर्षों से अग्रणी हैं।**

यह हम सबके लिए गर्व और गौरव का विषय है। प्रदेश में सिंचाई की क्षमता बढ़ी है, हम पानी की एक-एक बूंद का उपयोग करने के लिए कैनाल इरीगेशन के स्थान पर प्रेशराइज्ड पाइप से सिंचाई की व्यवस्था कर रहे हैं, इससे उपलब्ध पानी से पौने 2 गुना अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो रही है। साथ ही प्रदेश में जल- संरचनाओं का जाल बिछाया गया है। इन कार्यों के लिए ही भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को पुरस्कृत किया गया है। इस उपलब्धि के लिए जल संसाधन पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नर्मदा घाटी विकास विभाग बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय से प्राप्त चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2022 का प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक-चिन्ह भेंट किया। श्री सिलावट ने बताया कि श्री चौहान के नेतृत्व में जब से सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण माइक्रो सिंचाई योजनाओं के रूप में किया जाने लगा है, तब से मध्यप्रदेश में पानी की अधिक बचत हो रही है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग द्वारा जल-संरक्षण/प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयासों को सम्मानित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में मध्यप्रदेश को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## अयोध्या दर्शन के लिए 40 सफल परीक्षार्थी रवाना

भोपाल (काप्र)।



**संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर ने आनंद के धाम जय श्री राम प्रतियोगिता के 40 सफल परीक्षार्थियों के समूह को शुभाशीष देते हुए अयोध्या के लिए रवाना किया।**

सुश्री ठाकुर ने मानस भवन में सभी परीक्षार्थियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। परीक्षार्थी समूह राजा भोज हवाई अड्डे से हवाई जहाज से प्रयागराज पहुँचेगा और वहाँ से अयोध्या के लिए प्रस्थान करेगा। परीक्षा में कुल 172 परीक्षार्थी सफल हुए हैं। सफल परीक्षार्थियों को हवाई जहाज से भोपाल से प्रयागराज तथा प्रयागराज से अयोध्या तक बस से ले जाया जाएगा। विजेताओं को 40-40 के समूह में अयोध्या स्थित रामलला के दर्शन कराए जाएंगे। पहला समूह आज रवाना हो रहा है। प्रतियोगिता तुलसी मानस प्रतिष्ठान, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व और स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में संत तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस के अयोध्या कांड पर आयोजित की गई थी। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता 10 अक्टूबर 2022 को ऑनलाइन हुई थी। कुल 25 हजार 448 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरे तथा 22 हजार 852 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली विद्यार्थी शामिल हुए।

## हरियाणा विधानसभा की समिति की मप्र विधानसभा अध्यक्ष से भेंट



भोपाल (काप्र)।

**हरियाणा विधानसभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी समिति ने भोपाल प्रवास के दौरान आज मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम से विधानसभा में सौजन्य भेंट की।**

इस अवसर पर गौतम ने आगंतुक समिति के सभापति एवं सदस्यों को मध्यप्रदेश विधानसभा में किए गए नवाचारों से भी अवगत कराया। तत्पश्चात हरियाणा एवं मध्यप्रदेश विधानसभा की समितियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई जिसमें आपसी विचार विमर्श कर जानकारियों का आदान प्रदान किया गया। हरियाणा विधानसभा की समिति के सभापति सत्यप्रकाश ने समिति की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। संयुक्त बैठक के प्रारंभ में मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के कल्याण समिति के सभापति प्रदीप लारिया तथा बहादुर सिंह चौहान ने हरियाणा विधान सभा समिति के सभापति का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा आगंतुक समिति के अन्य सदस्य लक्ष्मण नापा, श्रीमती रेणुवाला एवं शेषपाल सिंह का भी स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा की पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति की ओर से आगंतुक समिति को प्रकाशन एवं साहित्य भेंट किए गए। संयुक्त बैठक में मध्यप्रदेश की पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य बहादुर सिंह चौहान, बैजनाथ कुशवाहा सुनील सराफ श्रीमती कृष्णा गौर प्रदीप पटेल एवं श्रीमती सुनीता पटेल तथा प्रदेश अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के कल्याण समिति के सभापति प्रदीप लारिया, सदस्य मेवाराम जाटव, कमलेश जाटव, दिलीप मकवाना, मनोज चावला अशोक मर्सकोले हीरालाल अलावा सहित विधानसभा के प्रमुख सचिव ए.पी. सिंह एवं तीनों समितियों के संबंधित अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन को लेकर दिल्ली पहुंचे कर्मचारी

भोपाल(काप्र)।

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन का मुद्दा फिर उठा है। कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर देशभर में चल रही यात्रा बुधवार को दिल्ली पहुंची। इसमें एमपी के कर्मचारी भी शामिल हुए। उनका कहना है कि नई स्कीम से कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। इसलिए पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और एनपीएस निजीकरण भारत छोड़ो यात्रा के साथियों ने एक जून को चंपारण बिहार से यात्रा शुरू की थी। यह यात्रा बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र होती हुई बुधवार को दिल्ली पहुंच गई। यात्रा के दौरान विभिन्न शहरों और देहाती क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत किया गया। सभी जगह वोट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने के पक्ष में वोट देने की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष बंधु ने बताया कि दिल्ली में बुधवार सुबह राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर माल्यार्पण किया। फिर शहीद पार्क ,फिरोजशाह कोटला किला, बहादुर शाह जफर मार्ग पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने पहुंचे। इसके बाद वोट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम की पहल एवं यात्रा के अनुभवों को साझा किया गया।

## घोटाले करने वाले कार्रवाई के डर से एकजुट हो रहेः शिवराज

भोपाल(काप्र)।

**आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले विपक्षी पार्टियां भाजपा के खिलाफ एकजुट हो रही हैं। भोपाल में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोटालों और भ्रष्टाचार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही।**

प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आज विपक्षी एकजुटता को लेकर कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों का संकल्प है कि एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। जितने भी बड़े-बड़े घोटाले करने वाले हैं वह सब कार्रवाई के डर से इकट्ठा हो रहे हैं। इनमें वैचारिक एकता नहीं है इनका समान सोच नहीं है। इनके समान कार्यक्रम नहीं है। यह अलग-अलग राज्यों में बुरी तरह लड़ रहे हैं। एक दूसरे की गर्दन काटने पर उतारु रहते हैं।

सीएम ने कहा अलग-अलग विरोधाभासी लोग, एक दूसरे के कट्टर वैचारिक दुश्मन, आजकल गलबैंया क्यों डाल रहे हैं? क्योंकि उनको जेल दिखाई दे रहा है। गड़बड़ की है तो, मोदी जी छोड़ेंगे नहीं। मध्यप्रदेश में भी और बाकी राज्यों में भी गड़बड़ करने वाले किसी भी कीमत पर नहीं बचेंगे। सीएम ने कहा कांग्रेस केवल झूठ की गारंटी देती है। इंदिरा गांधी ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था लेकिन, गरीबी हटी क्या? केवल झूठ बोला। सरेआम झूठ बोलना और झूठ बोलने की गारंटी। 10 दिन में कर्जा माफ किया क्या? राहुल गांधी बताएं समूह का कर्जा माफ किया ? फसलों पर उन्होंने कोई बोनस दिया क्या? एक के बाद एक झूठ बोलते चले गए। फिर झूठ बोलने लगे।

### एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा ये मोदी और भाजपा का संकल्प

उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति का विकास नहीं किया। इतने सालों में एसटी,एसटी और अल्पसंख्यक भाई कैसे फिर पिछड़े? इन्होंने अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज का विकास नहीं किया। आज भी गरीबी की जिंदगी जीने को विवश किया तो कांग्रेस ने किया। केवल डरा कर वोट के लिए भय फैलाकर कांग्रेस ने यह पाप किया है। कांग्रेस ने एससी-एसटी और अल्पसंख्यक मित्रों के साथ धोखा किया है। अगर वास्तव में सही अर्थों में सबका साथ, सबका विकास शुरुआत की है तो प्रधानमंत्री ने की है और भाजपा की सरकारों ने शुरू किया है।

**स्पेशल खबर** बजट की कोई कमी नहीं...

## एससी-एसटी वर्गों के आर्थिक विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः देवड़ा

भोपाल (काप्र)।

**वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्गों के लिए विभिन्न विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का एक जगह संग्रह होना चाहिए। इससे उनको मिलने वाले लाभ का विश्लेषण करने में सभी विभाग को आसानी होगी।**

श्री देवड़ा ने कहा कि राज्य सरकार इन वर्गों के आर्थिक विकास के लिये प्रतिबद्ध है और इसके लिये बजट की कोई कमी नहीं है। श्री देवड़ा मंत्रालय में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए स्व-रोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में नवीन अवसर नियमित करने के लिए गठित मंत्रीमंडल समूह की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में विभिन्न निवेश नीति और योजनाओं में इन वर्गों के लिये वित्तीय एवं गैर वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और इन वर्गों के व्यवसायियों को शासकीय उपार्जन में प्राथमिकता एवं विभिन्न प्रकार की छूट प्रदान करने पर भी विचार किया गया। साथ ही इन वर्गों के परंपरागत शिल्प, उत्पाद पाक कला, कृषि, वनों पर आधारित उपचार पद्धतियों और विभिन्न कलाओं को सुरक्षित रखने पर भी चर्चा हुई। स्व-रोजगार एवं उद्यमिता से जुड़े नगरीय विकास एवं आवास, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास, वन, आयुष, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, अनुसूचित जाति - अनुसूचित जनजाति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण जैसे विभागों के बीच समन्वय होना चाहिए जिससे इन विभागों से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी इन वर्गों को मिल सके।



बताया गया कि दलित इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री - डिक्की से जुड़े उद्यमियों के लिए मालीखेड़ी गाँव जिला इंदौर में भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति व्यक्त की कि एसटी-एससी प्लान का पैसा इन्हीं वर्गों की अन्य योजनाओं के लिए उपयोग में लाना चाहिए। डिक्की के स्टेट प्रेसीडेंट डॉक्टर अनिल सिरवैया ने एसटी-एससी युवाओं के स्व-रोजगार और उद्यमिता के लिए सुझाव देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा आदिवासी वित्त एवं विकास निगम जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं को पूरी तरह से प्रोफेशनल बनाने की आवश्यकता है। अन्य प्रदेशों में इन वर्गों के लिए संचालित अच्छी योजनाओं का अध्ययन कर मध्यप्रदेश में लागू किया जाना चाहिए। सभी प्रकार के सूक्ष्म और मध्यम स्तरीय काम-धंधे की इन्वेंटरी बनाना चाहिए। यह सभी विभागों और संभावित हितग्राहियों के लिए लाभकारी होगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष भगवानदास गोंडाने, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन संजय कुमार शुक्ला एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।